दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 29 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज दिल्ली दौरे पर रवाना हो गये हैं। श्री चौधरी केन्द्रीय  सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करेंगे। जानकारी के अनुसार वे राज्य में प्रस्तावित विभिन्न सड़क परियोजनाओं को लेकर केन्द्रीय मंत्री से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री का पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी मुलाकात का कार्यक्रम है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना मेट्रो परियोजना की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने परियोजना से जुड़े अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ ही प्रत्येक चरण के लिए स्पष्ट समय सीमा तय करने के आदेश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग और प्रगति की लगातार समीक्षा पर भी जोर दिया है।

———————————————————————

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। श्री पासवान ने महाराष्ट्र के परभणी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये युवाओं से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को नौकरी मांगने की बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए। श्री पासवान ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक गुणवत्ता के अनुरूप बनाने पर भी जोर दिया।

———————————————————————

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर आज देश–प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की क्षेत्रीय इकाई की ओर से पटना के कर्पूरी सदन में आयोजित विशेष कार्यक्रम का उद्घाटन उप महानिदेशक रौशन लाल साहू ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

———————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून की सक्रियता से मध्यम से भारी वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अनेक स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान मधुबनी, सुपौल, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, दरभंगा, सारण, गोपालगंज, पश्चिम चम्पारण समेत कई जिलें में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, पटना और आस–पास के क्षेत्रों में भी सुबह से बादल छाये हुये है और रूक–रूक कर बारिश हो रही है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल के सरायगढ़ भप्टियाही में सबसे अधिक एक सौ छियानवे दशमलव चार मिली मीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया कि जिले में विभिन्न स्थानों पर देर रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर जलजमाव की भीषण स्थिति बन गयी है। साथ ही शहर में बीएसएनएल सेवा भी प्रभावित हुई है।

————————————————————————

केन्द्रीय चयन पर्षद की कल सम्पन्न सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान कदाचार के आरोप में मुंगेर पुलिस ने सॉल्वर गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत नौंवागढ़ी उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र में छापेमारी के दौरान यह सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि पकड़े गये आरोपित राहुल से पूछताछ की जा रही है।

————————————————————————

शिवहर जिले के तरियानी छपरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत छपरा–सिरहा टोला में सिलेंडर विस्फोट की घटना में चार लोग गम्भीर रूप से झुलस गये। विस्फोट से लगी आग ने आस–पास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इधर, पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत करमली चक स्थित एक वेयर हाउस में आज सुबह अगलगी की घटना में पचास लाख रुपये मूल्य से अधिक की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। अग्निशमन दस्ते की इक्कीस गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

————————————————————————

बेगूसराय जिले के सिंघौल थाना क्षेत्र अन्तर्गत अंग्रेजी ढाला के पास राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या इकतीस पर दो चार पहिया वाहनों के आमने–सामने टक्कर में चार लोगों की मौत हो गयी। वहीं, पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं। इन सभी का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात व्यवस्था सुचारू करा दी है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।